सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-446
15/10/2018

मुख्यमंत्री के समक्ष लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के विस्तारीकरण के संबंध में दिया गया प्रस्तुतीकरण

पटना, 15 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष आज 1 अणे मार्ग स्थित ”संकल्प“ में स्वास्थ्य विभाग ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशी नगर, पटना का विस्तारीकरण कर 400 बेड का इमरजेंसी सहित स्पेशलाइज्ड ऑर्थोपेडिक हॉस्पीटल बनाने के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। इस अस्पताल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था अंडरग्राउंड होगी। इमरजेंसी, आई0सी0यू0, ट्रामा सेंटर एवं वेटिंग रुम सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुतीकरण को देखने के पश्चात सुझाव दिया कि पुराने स्ट्रक्चर को एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के रुप में उपयोग करना अच्छा होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल की बाउंड्री की ऊंचाई को बढ़ाना होगा क्योंकि यह रेसिडेंसियल एरिया है।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******